POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 05.02.2025

थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायइनायत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-028/2025 धारा-420/506/406/467/468/471 भा0द0सं0 से सम्बंधित वांछित अभियुक्त अतुल कुमार भारतीया पुत्र चन्द्रबली निवासी बभनकुईया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को आज दिनांक 05.02.2025 को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत बगईखुर्द स्थित अन्डर पास के पास गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त अतुल कुमार भारतीया उपरोक्त द्वारा रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर ऑनलाइन 06 लाख रूपये की ठगी की गयी थी व पीड़ित द्वारा अपना पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सरायइनायत पर मु0अ0सं0-28/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अतुल कुमार भारतीया पुत्र चन्द्रबली निवासी बभनकुईया थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

सम्बंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-028/2025 धारा-420/506/406/467/468/471 भा0द0सं0 थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 शिव प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी सहसों थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 अवधेश तिवारी, थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।